कार्यालय–निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक–शिविरा–माध्य/मा–स/22492/प्रवेशोत्सव/2019–20/ दिनांकः 26.03.19

समस्त जिला शिक्षा अधिकारी,
माध्यमिक/प्रारम्भिक– प्रथम/द्वितीय

विषय :– कक्षा–5,8 एवं 10 में बोर्ड परीक्षा में प्रविष्ट विद्यार्थियों को परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् विद्यालय में अस्थाई प्रवेश देते हुए नियमित कक्षा संचालन सुनिश्चित करने बाबत् ।

प्रसंग :– शिविरा पंचांग वर्ष : 2018–19

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राजकीय विद्यालयों में स्थानीय परीक्षा के अन्तर्गत कक्षा–1 से 4,6,7,9 एवं 11 में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु वार्षिक परीक्षा का आयोजन शिविरा पंचांगानुरूप 10 से 25 अप्रैल–2019 की अवधि में किया जाना है तथा दिनांक : 30 अप्रैल–2019 को वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा/चतुर्थ योगात्मक आकलन के पश्चात्दिनांक : 01 मई, 2019 से नवीन सत्रारम्भ के साथ आगामी कक्षाओं में नियमित रूप सें शिक्षण कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। वहीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर द्वारा मौजूदा सत्र हेतु कक्षा–8 तथा 10 की बोर्ड परीक्षाएं दिनांक : 14 मार्च से 28 मार्च, 2019 तक तथा कक्षा–12 की बोर्ड परीक्षाएं दिनांक : 07 मार्च से 02 अप्रेल, 2019 तक आयोज्य है। इस वर्ष कक्षा–5 के विद्यार्थियों हेतु "जिला स्तरीय प्राथमिक शिक्षा अधिगम स्तर मूल्यांकन–2019" सम्बन्धित जिले की"जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (D.I.E.T.)"द्वाराकिया जाएगा। उपर्युक्त वर्णित परीक्षाओं के परीक्षा परिणाम सामान्यतया ग्रीष्मावकाश के दौरान माह मई–जून में घोषित किए जाते हैं। उक्तानुसार कक्षा–5,8 तथा 10 उत्तीर्ण विद्यार्थियों का औपचारिक कक्षा शिक्षण ग्रीष्मावकाश के उपरान्त प्रारम्भ होता है । ग्रीष्मावकाश उपरान्त दिनांकः 19.06.19 को विद्यालय पुनः प्रारम्भ होगा।

विगत वर्ष सामान्य प्रवेश प्रक्रिया स्थानीय परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् दिनांक : 26 अप्रैल से प्रारम्भ कर दी गई थी तथा कक्षा–8 व 10 की बोर्ड परीक्षाओं में प्रविष्ट हुए विद्यार्थियों कों आगामी कक्षा में अस्थाई प्रवेश बोर्ड परीक्षा के समाप्त होने के तत्काल पश्चात् दिया जाकर 01 अप्रैल से आगामी कक्षाओं का शिक्षण कार्य प्रारम्भ कर दिया गया था ।

उपर्युक्त परिप्रेक्ष्य में विगत वर्ष माह मई–जून, 2018 में राजकीय विद्यालयों में आयोजित प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए थे तथा राजकीय विद्यालयों में नामांकन वृद्धि अभियान आशातीत रूप से सफल रहा था। अतः इस वर्ष भी विभाग द्वारा माह मई एवं जून, 2019 में विद्यालयों में दो चरणों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा । गैर सरकारी शिक्षण संस्थाओं द्वारा संचालित विद्यालयों में सामान्यतया बोर्ड परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों हेतु स्थानीय परीक्षा आयोजन के तत्काल बाद माह अप्रैल में ही आगामी कक्षाएं प्रारम्भ कर दी जाती है । उक्त क्रम में राजकीय विद्यालयों में कक्षा–5,8 तथा 10 की परीक्षाओं में प्रविष्ट होने वाले विद्यार्थियों का ठहराव उसी विद्यालय में सुनिश्चित किए जाने हेतु परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् उसी

87

Scanned by CamScanner

उसी विद्यालय में सुनिश्चित किए जाने हेतु परीक्षा समाप्ति के तत्काल पश्चात् उसी विद्यालय की आगामी कक्षा में अस्थाई प्रवेश देते हुए (नामांकन वृद्धि हेतु अन्य शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों को भी नव प्रवेश देते हुए) अग्रांकित विवरणानुसार स्थानीय परीक्षाओं के आयोजन के दौरान आवश्यकतानुसार समय प्रबन्धन करते हुए विधिवत कक्षा संचालन किया जाना सुनिश्चित करावें :–

क्र0सं0	कक्षा, जिसकी परीक्षा में विद्यार्थी प्रविष्ट हुआ है	आगामी कक्षा, जिसमें अस्थाई प्रवेश दिया जाकर संचालित की जानी है	विधिवत कक्षा संचालन प्रारम्भ करने हेतु निर्दिष्ट तिथि
1.	कक्षा–5	कक्षा–6	11 अप्रैल – 2019
2.	कक्षा–8	कक्षा–9	29 मार्च – 2019
3.	कक्षा–10	कक्षा–11	28 मार्च – 2019

उपर्युक्त निर्देशों की पालना क्षेत्राधिकार के समस्त राजकीय विद्यालयों में सर्वोच्च प्राथमिकता से करवाई जानी सुनिश्चित करें ।

(नथमल डिडेल)
आई.ए.एस.
निदेशक,माध्यमिक शिक्षा
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपि : निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, शासन सचिव, माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा, राजस्थान, बीकानेर।
3. समस्त मण्डल उपनिदेशक, माध्यमिक/प्रारम्भिक शिक्षा को मण्डल परिक्षेत्र में समुचित पर्यवेक्षण एवं प्रभावी प्रबोधन द्वारा निर्देशों की क्रियान्विति सुनिश्चित करवाए जाने हेतु ।
4. सिस्टम एनालिस्ट, कार्यालय हाजा को विभागीय वेब–साईट पर अपलोड एवं समस्त राजकीय विद्यालयों के ई–मेल पते पर प्रेषित करने हेतु ।
5. वरिष्ठ सम्पादक, शिविरा, कार्यालय हाजा को आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।
6. स्टाफ ऑफिसर, कार्यालय हाजा ।
7. रक्षित पत्रावली।

उप निदेशक (माध्यमिक)
माध्यमिक शिक्षा, राजस्थान
बीकानेर